एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

संजय लीला भंसाली की इंशाअल्लाह में सलमान संग आलिया की जोड़ी फाइनल

इन दिनों अभिनेता सलमान खान निर्देशक अली अब्बास जफर की फिल्म भारत के अंतिम चरण की शूटिंग में बिजी हैं। भारत में सलमान खान संग कटरीना कैफ मुख्य भूमिका में होंगी। पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि सलमान खान और संजय लीला भंसाली की जोड़ी 20 साल बाद फिर से साथ करने वाली है। इन खबरों पर अब अलमान ने खुद मुहर लगाते हुए ऐलान कर दिया है।

सलमान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में घोषणा करते हुए बताया कि लगभग 20 साल बाद संजय लीला भंसाली के साथ काम करने को लेकर खुश हैं। सलमान ने अपने इस ट्वीट में फिल्म के टाइटल के बारे में भी बताया है। फिल्म का नाम होगा इंशाअल्लाह... सलमान के साथ भंसाली की इस फिल्म में आलिया भट्ट की जोड़ी बनाई गई है।

आलिया भट्ट इस समय हर बड़े निर्देशक की नजर में हैं, हर कोई आलिया के स्टारडम को भुनाने के लिए उन्हें अप्रोच करने में जुटा है। हाल ही में आलिया ने बाहुबली के मेकर एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर साइन की है और अब संजय लीला भंसाली की फिल्म में आलिया का नाम सामने आ गया है। आलिया के लिए यह बड़ा मौका है, जब वह सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ रोमांस करेंगी और संजय लीला भंसाली के निर्देशन में काम करेंगी। सलमान अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा, मुझे खुशी है कि पूरे 20 साल के बाद मैं और संजय (संजय लीला भंसाली) उनकी नई फिल्म इंशाअल्लाह में काम करने वाले है। आलिया के साथ इस फिल्म में काम करने के लिए मैं उत्साहित हूं। इंशाअल्लाह हम इस सफर में सफल हों।

आलिया की रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म कलंक भी खूब सुर्खियों में हैं। जबसे फिल्म का ट्रेलर सामने आया है, दर्शक इस फिल्म को देखने के लिए उत्साहित हैं। कलंक में आलिया संग वरुण धवन, माधुरी दीक्षित संग संजय दत्त और सोनाक्षी सिन्हा संग आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी नजर आ रही है। कलंक के बाद आलिया निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में भी लीड रोल में दिखाई देंगी। ब्रह्मास्त्र में आलिया के साथ रणबीर कपूर की जोड़ी है, फिल्म में अमिताभ बच्चन और मौनी रॉय भी अहम् भूमिकाओं में नजर आएंगे। बाद में आलिया तख्त और एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर में जूनियर एनटीआर और राम चरण के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

नोटबुक से डेब्यू कर रहे जहीर इकबाल और दबंग गर्ल के बीच बढ़ रहीं नजदीकियां

फिल्म इंडस्ट्री में आजकल कई ऐक्टर और ऐक्ट्रेसेस की लवलाइफ के चर्चे हैं। इनमें से ही एक नाम है दबंग गर्ल यानी कि सोनाक्षी सिन्हा का। काफी दिनों से उनके और जहीर इकबाल के नाम को लेकर बातें हो रही हैं। कहा जा रहा है कि वह दोनों ही एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि इन दोनों ने अब तक इसपर कोई कॉमेंट नहीं किया है। इसी बीच दोनों के किसी फिल्म में साथ काम करने या फिर इस रिश्तें में आगे बढ़ने की भी खबरें आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान खान की नोटबुक से डेब्यू कर रहे ऐक्टर जहीर इकबाल और सोनाक्षी को अक्सर ही एक साथ स्पॉट किया गया है। यही नहीं 2 जून को सोनाक्षी के बर्थडे पर इस डेब्यू स्टार ने सोशल साइट अपनी और सोनाक्षी की तस्वीर शेयर की। इसके अलावा उन्होंने सोनाक्षी जयंती सबको मुबारक हो.... मेरा बस चलता तो आज नैशनल हॉलीडे होता का मेसेज भी शेयर किया। इससे भी दोनों की नजदीकियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

वहीं सोनाक्षी सिन्हा भी जहीर इकबाल की बर्थडे पार्टी में नजर आई थीं। इसके अलावा यह भी खबरें आ रही हैं कि सलमान खान के बर्थडे पर भी दोनों ने एक साथ ट्रैवल किया था। बता दें कि यह पार्टी सलमान खान के फार्महाउस पर आयोजित की गई थी। खबरों के मुताबिक हाल ही में कार्तिक आर्यन की फिल्म लुका छिपी के ट्रेलर शो के दौरान भी दोनों साथ ही मौजूद थे। इसके अलावा नोटबुक ट्रेलर शो पर जब सोनाक्षी की दोस्तों ने जहीर के लिए चियरअप किया तो वह मुस्कुरा रही थीं। इसके बाद से दोनों के एक साथ किसी फिल्म में नजर आने को लेकर भी बातें की जा रही हैं। इसके अलावा यह भी कहा जा रहा है कि हो सकता है कि वह शादी के बंधन में बंध जाएं! बता दें कि फिल्म इंडस्ट्री में आजकल रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, कार्तिक आर्यन, सारा अली खान, मलाइका अरोड़ा, अरबाज खान की लवलाइफ के भी खूब चर्चे हो रहे हैं। सोनाक्षी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अभिषेक वर्मन की फिल्म कलंक में नजर आएंगी। इसमें उनके अलावा माधुरी दीक्षित, वरुण धवन, आदित्य रॉय कपूर, आलिया भट्ट भी शामिल हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सारा अली खान को पहली ही फिल्म के लिए मिला फिल्मफेयर

अपनी खूबसूरती, बेबाक लहजे और हाजिरजवाबी के लिए सुर्खियों में रहने वाली सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान के लिए इस बार फिल्मफेयर अवॉर्ड्स का 64वां एडिशन यादगार रहेगा। बता दें कि सारा अली खान को बेस्ट डेब्यू का अवॉर्ड मिला हैद्य उन्हें ये पुरस्कार फिल्म केदारनाथ के लिए मिला, जिसमें सुशांत सिंह राजपूत लीड रोल में थे।

फिल्म केदारनाथ पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी और इसी महीने में कुछ दिनों बाद सारा की दूसरी फिल्म सिंबा भी आई थी। बता दें कि फिल्मफेयर अवॉर्ड्स का 64वां एडिशन मुंबई में चल रहा है जिसमें अलग-अलग केटेगरी में सितारों को अवॉर्ड दिए गए। आपको बता दें कि, केदारनाथ रिलीज होने से पहले कई मुश्किलों में थी। फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति थी। लेकिन आखिरकार फिल्म रिलीज हुई थी और इसमें सारा की परफॉर्मेंस को काफी सराहा गया। अब सारा को इसी फिल्म के लिए जब अवॉर्ड मिला है तो उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरों के साथ अपनी खुशी जाहिर की है। सारा लिखती हैं कि, फिल्मफेयर इस अवॉर्ड के लिए धन्यवाद। इस ब्लैक लेडी को किस करना सच में असली है। टीम केदारनाथ यह आपका है। धन्यवाद मेरे सपने को पूरा करने के लिए। जय भोलेनाथ।

इस अवॉर्ड नाइट में फिल्मी दुनिया के बड़े- बड़े सितारें शामिल हुए हैं। कुल 26 कैटेगरी में ये पुरस्कार दिए गए।बता दें कि, इस अवॉर्ड नाइट में फिल्मी दुनिया के बड़े- बड़े सितारें शामिल हुए हैं। कुल 26 कैटेगरी में ये पुरस्कार दिए गए। रणबीर कपूर को 64वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें ये पुरस्कार फिल्म संजू के लिए मिला है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी ये फिल्म संजय दत्त के जीवन पर आधारित रही। आलिया भट्ट बेस्ट एक्टर इन फीमेल रोल चुनी गई हैं। उन्हें फिल्म राज़ी के लिए ये अवॉर्ड दिया गया है। रणवीर को पद्मावत में अलाउदीन खिलजी के और आयुष्मान को अँधाधुन में नेत्रहीन के रोल के लिए ये अवॉर्ड मिला है।